Title: Demand to make a statement regarding the increase of the price of diesel.

MR. SPEAKER: Now, Zero Hour

Shri Rajesh Pilot.

MR. SPEAKER: I have called Shri Pilot. I will come to you also. Please take your seats.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Radhakrishnan, please take your seat. You have also given notice to raise a matter during the Zero Hour.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: I will call hon. Members one by one.

... (Interruptions)

श्री राजेश पायलट (दौसा): अध्यक्ष महोदय, इससे पहले कि वित्त मंत्री जी के दिल के पास से पब्लिक इंटरेस्ट दूर चला जाए

... (व्यवधान)
अभी वित्त मंत्री जी ने कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट उनके दिल के पास है, ऐसा उन्होंने अभी कहा है, इससे पहले कि वह दूर चला जाए, श्री राम नाईक जी और श्री यशवंत सिंहा जी यहां बैठे हुए हैं, जब वे बोल रहे थे तो मैं दोनों के दिल के पास पब्लिक इटरेस्ट देख रहा था। मेरी प्रार्थना है कि दो दिन पहले इस सदन में डीजल पर चर्चा हुई और सभी माननीय सदस्यों ने डीजल की बढ़ी हुई कीमतों के बारे में बहुत चिंता जाहिर की। सभी पार्टियों ने चिंता व्यक्त की, हमारे उधर के एक भाई, जिनका नाम मैं भूल गया हूं, उन्होंने कहा था कि जरूरत नहीं है, अन्यथा बी.जे.पी. के सभी भाइयों ने सरकार से प्रार्थना की थी कि इस बोझ को हल्का किया जाए। मुझे खुशी है कि श्री राम नाईक जी ने अपने भाषण में कहा था कि मुझे भी उतनी ही चिंता है और मैं सरकार से इस बारे में जल्दी बात करके, विचार करके जरूर कोशिश करूंगा। ऐसा श्री राम नाईक जी ने कहा था। महोदय, इस सैशन का कल आखिरी दिन है। मैं नाईक जी ने प्रार्थना कर रहा हूं कि कम से कम कल तो इस सदन में इत्तिला कर दें कि इसमें आप क्या कदम उठा रहे हो, जिससे किसान और आम-आदमी का बोझ हल्का हो सके और सरकार ने जो आज भावना की बात की है, श्री यशवंत सिन्हा जी ने यह भी कहा कि लोगों की भावनाओं से एन.डी.ए. जीतकर आई है, उन भावनाओं की कद्र करते हुए आप इस पर क्या कदम उठा रहे हो, कृपया वह सदन को बता दें ... (व्यवधान)

डा.गिरिजा व्यास (उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि आज एक बहुत बड़ी महिला इस सदन में है

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुराना (दिल्ली - सदर): अध्यक्ष जी, अब तक सदस्यों ने डीजल की बात कही

... (व्यवधान)

डा विजय कुमार मलहोत्रा (दक्षिण दिल्ली): दिल्ली सरकार ने डी.टी.सी. के किराये दोगुने कर दिये हैं, वह कम करेंगे या नहीं करेंगे

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The Minister is replying.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Hon. Members, please take your seats. The Minister is on his legs.

... (Interruptions)

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री राम नाईक): अध्यक्ष महोदय, माननीय राजेश पायलट जी ने एक सवाल उठाया, उसका उत्तर मैंने पहले दिया था, मुझे इस समय सदन को यह बताने में बड़ी खुशी है कि ट्रक ऑपरेटों ने जिन कारणों से हड़ताल प्रारम्भ की थी, वह कल उन्होंने वापस ले ली है। मैंने सोचा कि मैं सदन को बता दूं, बाकी चीजों के बारे में मैंने पहले वक्तव्य दिया है

... (व्यवधान)

श्री राजेश पायलट : यह सही नहीं है

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुराना : अध्यक्ष जी, मैं डी.टी.सी. के बारे में कहना चाहता हूं कि डी.टी.सी. ने अपनी बसों के किराये सौ प्रतिशत बढ़ा दिये हैं। दिल्ली में २३०० प्राइवेट बसे हैं। यदि कोई दरें बढ़ती हैं तो एस.टी.ए. उसे पास करती है ... (व्यवधान)

SHRI RAJESH PILOT : Sir, this is not correct. ...(Interruptions)